गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल

चर्चा में क्यों?

20 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति एवं टूरिज़्म बोर्ड के प्रमुख सचिव और प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पांच दिवसीय गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल प्रदेश के मंदसौर ज़िले में 1 फरवरी से आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- पर्यटन और संस्कृति एवं टूरिज्म बोर्ड के प्रमुख सचिव और प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मंदसौर में आने वाले पर्यटकों को एक अनूठा ग्लैंपिंग और एडवेंचर एक्टिविटीज का अनुभव देने वाला यह अद्वितीय और अपनी तरह का पहला फ्लोटिंग फेस्टिवल है, जिसमे लैंड, एयर और वाटर बेस्ड एडवेंचर एक्टिविटीज रहेगी।
- यह महोत्सव 5 फरवरी तक चलेगा। उसके बाद 3 माह तक पर्यटकों के लिये टेंट सिटी (ग्लैंपिंग) और 6 माह तक एडवेंचर एक्टिविटीज जारी रहेगी तथा पर्यटकों के रिस्पॉन्स पर इसे बढ़ाया जा सकेगा।
- शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल प्रकृति प्रेमियों और साहसी लोगों के लिये एक शानदार त्योहार है, जो उन्हें शहर की हलचल से दूर प्राकृतिक परिवेश में ले जाता है।
- फ्लोटिंग फेस्टिवल में फ्लोटिंग स्टेज, फ्लोटिंग मार्केट, बोट स्पा, बोट सफारी, लाइव संगीत तथा अन्य का भी आयोजन होगा। इसके अलावा, गांधीसागर जलाशय के पास कई रोमांचक साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।
- गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल में प्रत्येक लक्जरी टेंट को प्रीमियम सुविधाओं, मनोरम, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों, इंडोर स्पोर्ट्स सम्मेलन सुविधाओं के साथ आरामदायक प्रवास सुनिश्चित करने के लिये सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है।
- प्रकृति आधारित शिल्प के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिये, क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी। यह पर्यावरण के अनुकूल शिल्प कौशल के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने का एक शानदार तरीका है।
- उल्लेखनीय है कि गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल मध्य प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोज़गार की नई संभावनाएँ पैदा करने के लिये शुरुआती 10 साल की पहल है।
- शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को आकर्षित करना है, जिससे उन्हें मध्य प्रदेश के विभिन्न आकर्षण का अनुभव करने का मौका मिलेगा। राज्य के भीतर कई गंतव्यों की खोज की जा रही है, जिनमें सफल पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित होने की क्षमता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gandisagar-floating-festival